फिन मैककूल


आयरलैंड की लोककथा




फिन मैककूल

आयरलैंड की लोककथा








एक बार एक स्कॉटिश दैत्य था ...

... और एक आयरिश दैत्य था.



एक दिन स्कॉटिश दैत्य, आयरिश दैत्य पर चिल्लाया,

"फिन मैककूल! फिन मैककूल! मैं तुम्हें ठिकाने लगाने आ रहा हूं!"




फिन मैककूल, बाल्फोर से बहुत डरता था.

फिन मैककूल की सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई.




"मैं यहाँ से भागना चाहता हूँ," फिन मैककूल ने कहा.




"बाल्फोर तुम्हारे वापस आने का इंतज़ार करेगा!"

फिन की पत्नी मैरी ने कहा.



"बच्चों जैसे मत बनो!"



फिर मैरी के दिमाग में एक विचार आया.

"उस पालने में जाकर लेट जाओ!" पत्नी ने फिन से कहा.

"किसलिए?" फिन ने पूछा.

"मेरी बात सुनो, बस जाकर लेट जाओ," मैरी ने कहा.



और तभी ...

धूम-धड़ाम! धूम-धड़ाम! धूम-धड़ाम!



बाल्फोर आ रहा था!




मैरी ने कुछ डबल रोटी बनाईं.

एक ब्रेड में उसने एक चम्मच छिपा दिया.



"वो किसलिए है?" फिन ने पूछा.

"बस, इंतज़ार करो और देखो!" मैरी ने कहा.



धूम-धड़ाम!

"फिन मैककूल!" बाल्फोर चिल्लाया.

"फिन काम से बाहर गया है, वो जल्द ही वापस आ जाएगा," मैरी ने कहा.



"आप चाहें तो फिन का इंतजार कर सकते हैं.

तब तक आप मेरी बनाई ब्रेड खाएं."

फिर मैरी ने बाल्फोर को

चम्मच वाली ब्रेड खाने को दी.



बाल्फोर ने उसे कसकर चबाया.



'"अरे बाप रे!" वो चिल्लाया.




"क्या बात है?" मैरी ने पूछा.

"मेरे बच्चे को वो ब्रेड बहुत पसंद है!"

फिर मैरी ने फिन को एक ब्रेड दी,


फिन एक ही बार में उसे खा गया!



"वो एक बहुत ताकतवर बच्चा है!" बाल्फोर ने कहा.

फिर फिन ने बाल्फोर की कसकर नाक पकड़ी!

"छोड़ दो!" बाल्फोर चिल्लाया.



"उसके पिता जल्द ही वापस आएंगे," मैरी ने कहा.

"आप उनसे क्या चाहते हैं?"






उसके पिता? ... अरे ... अरे ...



"फिन के आने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा," बाल्फोर ने कहा.

"मैं जल्दी में हूँ। अब मुझे जाना होगा!"

और फिर बाल्फोर वहां से भाग गया!



"यह एक बहुत ताकतवर बच्चा है," बाल्फोर ने कहा.

"मैं उसके पिता से नहीं मिलना चाहता हूँ!"



उसके बाद बाल्फोर कभी वापस नहीं आया.



फिर फिन, मैरी और उनका बच्चा ...

इतने प्रसन्न हुए जितने वो हो सकते थे!